दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास
दि. 21 फ़रवरी, 2021

# राष्ट्रभाषा–1
# RASHTRABHASHA–1

**समय : 2½ घंटे]** **[पूर्णांक : 100**

**1. कवि और कविता का नाम बताते हुए किन्हीं दो पद्यांशों का भावार्थ हिन्दी में लिखिए :–** **10**

(1) बापू! तुम पर हैं आज लगे जग के लोचन,
तुम खोल नहीं जाओगे मानव के बंधन?

(2) "हँसते-गाते चल देते हैं पथ पर ऐसे
जैसे भास्वर भाव वहीं हो कविताओं के।

(3) "मैं निहारता हूँ उनको फिर-फिर अपने को,
और भूल जाता हूँ अपनी क्षीण आयु को ।"

(4) आज जीत की रात
पहरुए, सावधान रहना
खुले देश के द्वार
अचल दीपक समान रहना

(5) नाच सको तो नाचो जब थक जाओ तो आराम करो
टेढ़ा क्यूँ घर का आँगन है जीते जाओ सोचो मत।।

**2. कवि का नाम बताते हुए किसी एक कविता का सारांश लिखिए :–** **10**

(1) बापू (2) छुट्टी का घंटा बजते ही (3) पंद्रह अगस्त (4) कठ-पुतली है या जीवन है

**3. किन्हीं दो दोहों का कंठस्थ रूप ज्यों का त्यों लिखिए :–** **5**

(1) पाँच पहर ......................................।
.................................. कैसे होय।।

(2) रूखी सूखी ....................................।
................................ ललचावे जीव।।

(3) धीरे-धीरे रे.......................................।
....................................... फल होय।।

**4. किन्हीं दो गज़लों का भावार्थ हिन्दी में लिखिए :–** **5**

(1) घरों पे नाम थे नामों के साथ ओहदे थे
बहुत तलाश किया कोई आदमी न मिला

(2) ये हुनर भी बड़ा ज़रूरी है
कितना झुक कर किसे सलाम करो

(3) फरमान से पेड़ों पे कभी फल नहीं लगते
तलवार से मौसम कोई बदला नहीं जाता

(4) बुलन्दियों पे पहुँचना कोई कुशलता नहीं
बुलन्दियों पे ठहरना कमाल होता है।

**5. किन्हीं पाँच का अर्थ हिन्दी में लिखिए :–** **5**

(1) बचपन (2) कामना (3) जगत (4) पराजय (5) खून
(6) संघर्ष (7) निकट (8) निरर्थक (9) ग्रंथ (10) शाश्वत

**6. किन्हीं पाँच का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–** **10**

(1) मनमोहक (2) विश्वास करना (3) वरदान (4) पराजित (5) फैसला
(6) सामना करना (7) महत्व पाना (8) राह देखना (9) निर्माण करना (10) प्रयास करना

**7. निम्न गद्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5**

"तेनालीराम ने विस्तार से बताया कि आपने जो दस हज़ार सोने के सिक्के दिये थे उनसे मैंने उत्तम पौधे और उच्च कोटी के बीज खरीदे हैं जिनको हम अपने राज्य विजयनगर की ज़मीन में लाएँगे ताकि हमारा राज्य भी सुंदर, आकर्षक और उपजाऊ बन जाए। महाराज ने इस बात से अत्यंत प्रसन्न हुए और तेनालीराम को ढेरों इनाम दिये"।

(1) तेनालीराम ने दस हज़ार सोने के सिक्के से क्या किया?
(2) तेनालीराम ने विजयनगर की ज़मीन को क्या बनाना चाहा?
(3) महाराजा ने तेनालीराम को क्या दिया?

**8. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :– 5**

(1) महाराज कृष्णदेवराय को किसे देखने की इच्छा हुई?
(2) "रुपया" पाठ के लेखक कौन हैं?
(3) मनुष्य किसे जीवन के लड़कपन का खिलौना मानते हैं?
(4) गाँधीजी दक्षिण अफ्रिका कब गये?
(5) तमिलनाडु के महान संत कवि कौन हैं?
(6) कुचिपुड़ी किस प्रांत की कला है?

**9. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए :– 10**

(1) स्वर्ग की खोज
(2) दक्षिण अफ्रिका में गाँधीजी
(3) महान संत कवि तिरुवल्लुवर

**10. किसी एक एकांकी का सारांश लिखिए :– 10**

(1) बहू की विदा (2) कट्टबोम्मन (3) दस मिनट

**11. किसी एक पात्र का परिचय दीजिए :– 10**

(1) जीवनलाल (2) राजेश्वरी (3) कट्टबोम्मन (4) वल्ली (5) महादेव

**12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :– 5**

(1) जीवनलाल ने कमला की विदा क्यों नहीं की?
(2) कमला का पति रमेश कहाँ गया था?
(3) किस राजा ने पहले पहल अंग्रेज़ों का विरोध किया?
(4) कट्टबोम्मन किस रियासत के राजा थे?
(5) बलदेव की बहन का नाम क्या है?

**13. संदर्भ सहित किन्हीं दो का भाव समझाइए :– 10**

(1) इन मोतियों का मूल्य समझनेवाला यहाँ कोई नहीं है। पानी से पत्थर नहीं पिघल सकता।
(2) माँ से झूठ बोलते हो! मैं उन्हें अच्छी तरह जानती हूँ। इंसान से ज़्यादा प्यारा उन्हें पैसा है।
(3) खेती बारी काम धंधा छोड़ो, उठाओ तलवार। भाला - बर्छा, लाठी-ठंड, जो मिले उसीको लेकर हम लडेंगे और देश के दुश्मनों के दाँत खट्टे करेंगे?
(4) साँप भी मरे और लाठी भी न टूटे। इस देश के राजा बड़े स्वार्थी और लोभी होते हैं। वे एक दूसरे से घृणा करते हैं और एक दूसरे की बरबादी चाहते हैं। हम उनकी इस कमज़ोरी का लाभ उठाएँगे।
(5) पुलिस और खूनी में कुत्ते और बिल्ली का संबंध है।

~~~~~~~~~~
~~~~~~~~~~